घर-घर नल, फिर भी प्यासा सुक्कम भुरकुंडी गांव

आजादी के 78 साल बाद भी प्यासा आदिवासी गांव, घर-घर नल, लेकिन एक बूंद पानी नहीं

सिवनी/लखनादौन नवभारत। लखनादौन तहसील मुख्यालय से लगे हुए आदिवासी बाहुल्य गांव सुक्कम भुरकुंडी ग्रामपंचायत मोहगांव में आज भी पीने के साफ पानी के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि गांव में दशकों पहले पेयजल पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, घर-घर नल भी लगे हैं, लेकिन आज तक इन नलों से पानी नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी कागजों में गांव नल-जल योजना से आच्छादित है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि गांव के लोग एक किलोमीटर दूर से साइकिल पर चार-चार डिब्बे लादकर पानी ढोने को मजबूर हैं।

कुएं भी असुरक्षित, हर दिन हादसे का खतरा

गांव के कुएं तकनीकी रूप से सुरक्षित नहीं हैं। पानी निकालते समय बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कहीं फिसलने का डर है, तो कहीं गहरे कुएं में गिरने की आशंका बनी रहती है। किसी बड़े हादसे का इंतजार मानो प्रशासन कर रहा हो।

कड़ाके की ठंड में पानी भरे या पढ़ाई करे

भीषण ठंड के मौसम में छोटे-छोटे बच्चे और स्कूली छात्राएं सुबह-सुबह पानी भरने निकलने को मजबूर हैं। बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं, ऐसे में बच्चों के सामने सवाल खड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी भरने और रोजमर्रा के कामों में इतना समय चला जाता है कि बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

गांव के लोग जिस कुएं से पीने का पानी लेते हैं, न तो उस पानी का कोई ट्रीटमेंट होता है और न ही कुएं की नियमित सफाई होती है, स्वास्थ्य की दृष्टि से यह बेहद खतरनाक है, इसके बावजूद ग्रामीणों के पास कोई और विकल्प नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि गर्मी के मौसम में जब यह कुआं सूखने लगता है, तब करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित दूसरे कुएं से मोटर द्वारा पानी स्थानांतरित किया जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि गांव की ओर डाली गई पाइपलाइन में पानी नहीं छोड़ा जाता, पाइप केवल हवा उगलते हैं। सरकार की हर घर नल, हर घर जल और घर-घर बिजली-पानी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं इस गांव में केवल कागजों तक सीमित हैं। आज भी आजादी के इतने वर्षों बाद साफ पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा।

सरपंच-सचिव और जिम्मेदार मौन

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और संबंधित विभागीय अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। शिकायतों के बावजूद न तो स्थायी समाधान किया गया और न ही गांव में कोई निरीक्षण हुआ। सिवनी जिला मुख्यालय से दूर होने के कारण अधिकारी गांव तक आना जरूरी नहीं समझते, जिससे आदिवासी गांव उपेक्षा का शिकार बन गया है।

ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि- पाइपलाइन की तत्काल जांच कर पानी सप्लाई शुरू की जाए कुओं की सफाई और पानी का ट्रीटमेंट कराया जाए सुरक्षित जल संरचनाओं का निर्माण किया जाए जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाए।

एसएनसी मॉल ने रचा इतिहास, 80 प्रतिशत से अधिक बिक्री पूरी

छिंदवाड़ा नवभारत। शहर के रियल एस्टेट और कमर्शियल विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सूद इंफ़्रा द्वारा विकसित एसएनसी मॉल छिंदवाड़ा का पहला कमर्शियल बिज़नेस हब बना जो अब 80त्न से अधिक सोल्ड आउट हो चुका है। यह उपलब्धि केवल एक प्रोजेक्ट की सफलता नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा के निवेशकों, व्यापारियों और व्यवसायिक सोच रखने वाले लोगों के विश्वास की जीत है।

एसएनसी मॉल कोई साधारण मॉल नहीं है। यह एक इंटिग्रेटेड कमर्शियल बिज़नेस इकोसिस्टम है, जहाँ एक ही छत के नीचे प्रीमियम शॉप्स, हाईविसिबिलिटी शोरूम्स, कॉर्पोरेट ऑफिस स्पेस, बैंक्स और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स, कैंटीन एवं फ़ूड ज़ोंन्स, रेंटल रेस्टोरेंट स्पेस गारंटीड रेंटल शॉप्स मिलते हैं। यही कारण है कि यह मॉल आज छिंदवाड़ा का पहला और सबसे भरोसेमंद कमर्शियल बिज़नेस हब कहा जा रहा है।

तीन विद्यालय के विद्यार्थियों को विधायक ने वितरित की स्वेटर

सिवनी नवभारत।। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गत दिवस दूसरी बार स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार माननीय विधायक दिनेश राय जी मुनमुन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी की 50 छात्राओं, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के 50 एवं शासकीय हाई स्कूल बींझावाड़ा के 10 विद्यार्थियों को स्वेटर का नि:शुल्क वितरण किया गया। प्राचार्य महेश गौतम द्वारा बताया गया कि इसके पूर्व 19 दिसंबर को भी विधायक मुनमुन राय जी के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के 90 विद्यार्थियों को शाला की ओर से स्वेटर वितरित की गई थीं, उसी दिन विधायक द्वारा उनकी ओर से भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित करने की मंशा

जाहिर की गई थी। विधायक दिनेश राय ने अपने उद् बोधन में कहा कि मैं अपने विधान सभा के सभी जरूरतमंद बच्चों की मदद करना चाहता हूँ। तीनों विद्यालयों के उपस्थित विद्यार्थियों को सीख देते हुए बताया गया कि आपने मनुष्य जीवन पाया है, तो जीवन में कुछ अच्छा करिए। आज की पीढ़ी के कई बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं और अपना जीवन को बर्बाद कर लेते है। इसलिए आप अपने जीवन को संवारने के साथ-साथ दूसरे के जीवन को भी संवारने में भी अपना योगदान देवें। परीक्षा के संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी जीवन के बाद ऐसा अवसर दोबारा नहीं मिलता है इसलिए आप अच्छा अध्ययन करें और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करें। परीक्षा में लिखावट का भी अपना महत्व होता है इसलिए परीक्षा में आपकी लिखावट साफ-सुथरी एवं सुंदर होना चाहिए। प्राचार्य द्वारा विधायक एवं शाला परिवार का आभार व्यक्त किया गया। अंत में राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कलेक्टर ने आम एवं पपीता रोपण का किया अवलोकन

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले ने बरघाट विकासखंड के ग्राम आमागढ़ में राज्य योजना अंतर्गत उद्यानिकी गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने रमनलाल चौरसिया के खेत में 0.250 हेक्टेयर क्षेत्र में आम के पौधों के रोपण कार्य का निरीक्षण किया, जहाँ कुल 100 आम के पौधे लगाए जा रहे थे। इस दौरान कलेक्टर ने कृषक से उनकी कार्ययोजना की जानकारी लेकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में कलेक्टर ने लक्ष्मीप्रसाद चौरसिया के खेत में 0.200 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए पपीता (ताइवान-15) फसल का भी अवलोकन किया। उन्होंने उत्पादन, विपणन एवं संभावित लाभ की जानकारी लेकर कृषक को बेहतर प्रबंधन एवं अधिक आय अर्जन हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैनगंगा नदी तट पर जारी शिव पुराण कथा का उठा रहे आनंद

छपारा नवभारत। बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल मैदान में गत दिवस से जारी शिव पुराण के पहले दिन की कथा में कथा व्यास कन्हैया महाराज द्वारा शिव पुराण के महत्व, सूत जी द्वारा शौनक ऋषि और अन्य ऋषियों को कथा सुनाने का प्रसंग, और शिव भक्ति के नियम व लाभ बताए जाते हैं, जिसमें सत्य का महत्व, त्रिपुंड धारण, रुद्राक्ष की महिमा और कलह (क्रोध) से मुक्ति का वर्णन होता है, जो शिव पुराण के श्रवण से संभव है। आपने कहा कि सूत जी का आगमन और शिव पुराण का आरंभ-सूत जी, व्यास जी के शिष्य, शौनक आदि ऋषियों को शिव पुराण की कथा सुनाना शुरू करते हैं। शिव महापुराण के नियम-कथा सुनने वालों के लिए नियम बताए जाते हैं, जैसे कि सत्य का पालन करना, असत्य से दूर रहना, और भगवान शिव के प्रति एकाग्र

होना। त्रिपुंड धारण करने का तरीका बताया जाता है, जिसमें पृथ्वी, वायु और सोम आदि का स्मरण करते हुए नम: शिवाय मंत्र का जाप किया जाता है। भगवान शिव को रुद्राक्ष कितना प्रिय है, इसकी महिमा का वर्णन किया जाता है। शिव ने पार्वती को रुद्राक्ष की महिमा बताई थी, जिसे सूत जी सुनाते हैं। क्रोध (कलह) से मुक्ति-शिव पुराण की कथा के माध्यम से क्रोधासुर के अंश से आने वाले क्रोध को शांत करने और व्यक्ति को कलह से मुक्ति दिलाने का उपाय बताया जाता है, जिससे मनुष्य का मन निर्मल होता है। ब्रह्मा और विष्णु का प्रसंग (शिव पुराण के अनुसार) एक कथा के अनुसार, ब्रह्मा और विष्णु ने पहली बार भगवान शिव की पूजा की थी और उन्हें सिंहासन प्रदान किया था,जिससे शिव अत्यंत प्रसन्न हुए थे। यह दिन महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाने लगा, जहाँ शिव लिंग की स्थापना की जाती है। संक्षेप में, शिव पुराण के पहले दिन कथा का उद्देश्य शिव भक्ति के मार्ग का परिचय देना, पापों से मुक्ति के उपाय बताना और सत्य व धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करना है। वहीं सात जनवरी से चौदह जनवरी तक होने जा रही इस कथा में दिन की गुनगुनी धूप का आनंद लेते हुए धीरे धीरे अब श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही हैं।

एक नजर में

बोरी बंधान से जल रोकने की पहल

धारनाकला। जल संचय अभियान,,जल संरक्षण की दिशा में प्रभाविपहल बोरी बंधान से जल रोकने की पहल,, मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देशन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के आदेशों का पालन करते हुए जिला समन्वयकअधिकारी सौरभ शुक्ला ब्लॉक सामान्य क अधिकारी शोभना ठाकरे के मार्गदर्शनपर नवांकुर दीनबंधु विकलांग कल्याण समाज सेवा संस्था के प्रतिनिधि द्वारा सेक्टर क्रमांक 5 धारणा कला

अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरवाड़ा अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन ग्राम लाटगांव में जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान का कार्य किया गया बहता जल सुरक्षित ही रोक सके और स्थानीय जल स्तर में सुधार को प्रोत्साहन मिल सके पूरी बंधन कार्य डोबरी तालाब नहर का बोरी बंधान बनाकर पानी रोका गया जिसमें मवेशी एवं कृषक एवं जंगली जानवरों को सुलभ पानी मिल सके श्रमदान ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि शासकीय कर्मचारी ग्राम विकास प्रसफुटनसमिति के प्रतिनिधि बेहरडे उमरवाड़ा लाटगांव परामर्शदाता मेंटर्स द्वारा पानी रोको शपथ दिलाया गया कृषक ग्राम वासियों की विशेष भूमिका रही।

पिंक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर का आयोजन आज

सिवनी। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास सिवनी द्वारा बताया गया कि महिलाओं की सुविधा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिलाओं-बालिकाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के लिए निःशुल्क विशेष शिविर का आयोजन शुक्रवार 09 जनवरी को कार्यालय वन स्टॉप सेंटर, सी.वी. रमन वार्ड, वृद्धाश्रम के पास, सिवनी में दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित समस्त जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

जीएन रोड पर अव्यवस्थित सब्जी ठेले से दुर्घटना की आशंका

सिवनी नवभारत। शहर के जी.एन. रोड पर नगर पालिका चौक से शंकर मढिया के सामने तक दिनभर आधी सड़क पर सब्जी की ठेलियाँ लगने से जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सब्जी ठेलों द्वारा आधी सड़क घेर लेने से वाहन चालकों को मोड़ते समय विशेष सतर्कता रखनी पड़ती है, अन्यथा दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। उनके द्वारा तेज आवाज में चोगा भी चलाया जाता है जिससे ग्राहकों से बातचीत करने में दिक्कत होती है। इसके बावजूद ठेले वालों पर किसी प्रकार की कार्यवाही या नियंत्रण नहीं दिखाई देता।

अनुरोध है कि संबंधित विभाग एवं प्रशासन इस विषय पर ध्यान देकर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को रोका जा सके और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।

स्थाईकर्मियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश स्थाईकर्मी संघ भोपाल के प्रांतीय आवाहन पर बुधवार, 7 जनवरी को मध्यप्रदेश स्थाईकर्मी संघ के नेतृत्व में जिले में मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। स्थाईकर्मी संघ जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सनोडिया ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के स्थाईकर्मियों, दैनिक वेतनभोगियों एवं अंशकालीन कर्मचारियों से जुड़ी वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग सरकार के समक्ष रखी गई।ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रदेश के स्थाईकर्मियों को पुनरीक्षित वेतनमान प्रदान करने, शासकीय कर्मचारियों के समान चिकित्सा अवकाश की सुविधा, चिकित्सा देयकों की स्वीकृति एवं भुगतान तथा अनुग्रह राशि जैसी समस्त मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की गई। संघ का कहना है कि समान कार्य के लिए समान सुविधाएं न मिलने से स्थाईकर्मियों में असंतोष व्याप्त है। इसके अलावा ज्ञापन में प्रदेश के दैनिक वेतनभोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों की योग्यता और अनुभव को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों की भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दिए जाने तथा उन्हें नियमित किए जाने की मांग उठाई गई। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को अब स्थायित्व मिलना चाहिए।वहीं अंशकालीन कर्मचारियों की स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें पूर्णकालिक मानते हुए उनकी सामाजिक व कलेक्टर दर पर दैनिक वेतनभोगी के पद पर नियुक्त की जाए।

संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर

सिवनी नवभारत। भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के वार्षिक कार्यक्रम एवंसंयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर के निर्देशानुसार तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन सिवनी जिले के सेंट फ्रांसिस विद्यालय लूघर वाड़ा में आयोजितकिया गया इस शिविर का शुभारंभ 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 2-00 बजे ध्वजारोहण के साथ किया गया शुभारंभ अवसर ए ल टी स्काउट श्री विजय शुक्ला एडवांस स्काउट मास्टर श्री राम नारायण राय श्री बाल गोविंद पाठक संतोष तिवारी वेदप्रकाश राय एवं जिले तथा जबलपुर जिले से स्काउट मास्टरम गार्डन कैप्टन की उपस्थिति में किया गया इस सिविल में शिवनी तथा जबलपुर जिले के स्काउट मास्टर 17 गाइड तथा 63 स्काउट ने हिस्सा लिया या शिविर उन स्काउट गाइड के लिए आयोजित किया गया था जिन्होंने द्वितीय सोपान जांच शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण किया था इस शिविर के पश्चात सफल स्काउट एवं गाइड आगामी तिथियां में राज्य पुरस्कार हेतु चयनित किए जाएंगे शिविर की गतिविधियां प्रतिदिन प्रात 5.30 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक सतत जारी रहती थी।

इस शिविर के प्रमुख इनेंद्र डहरवाल डी ओ सी बालाघाट थे शिविर के समापन अवसर पर

भारत स्काउट गाइड जिला संघ के जिला अध्यक्ष संजय मालू सहायक संचालक शिक्षा रामप्रसाद पाटिल एवं संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री छी द्धि लाल श्रीवास उपस्थित रहे समापन अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा नव नियमों से शिविर जवाल का प्रजलवन किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा भारत की संस्कृति पर के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई शिविर के सफल संचालन में कटनी से एस के कोरी, रघुवीर सिंह ठाकुर शिवनी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया समापन अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त जबलपुर ललित मिश्रा द्वारा भी स्काउट गाइड आंदोलन की जानकारी प्रदान की गई अतिथियों ने स्काउट गाइड के इन गतिविधियों को सराहना की कथा यह कहा कि स्काउट गाइड की अपनी एक पहचान होती है ये स्काउट गाइड के बच्चे विद्यालय तथा अन्य क्षेत्रों में अलग ही अपना स्थान बनाने में सफल होते हैं।

इस अवसर पर स्काउट मास्टर यदुराज यूके भादूवा धुर्वे दिनेश सनोदिया अपूर्व वर्मा निर्मल सिंह सुनील रंगरे कु मरे करकोटी श्रीमती मनीषा खग ने श्रीमती पूनम सूर्यवंशी राजकिशोर पटेल कटनी एवं अन्य स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन द्वारा सहयोग प्रदान कर बनाया कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्काउट विजय शुक्ला द्वारा किया गया इस शिविर के सफल संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी शिव सिंह कुमरे कार्यालय लिपिक अनुराग तिवारी एवं शैलेंद्र साहू का सहयोग प्रशंसनी य रहा है कि शिविर में सेंट फ्रांसिस विद्यालयके फादर श्री विकास एवं प्राचार्य सिस्टर जेनी का सहयोग रहा है जिनके कारण स्काउट गाइड के बच्चों को शीत लहर के अवसर पर अपना विद्यालय प्रदा न किया गया।

आयोजन पहले मैच में एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने टॉस जीतकर की पहले बल्लेबाजी, 4 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए

डीपीसी एवं एसएससी महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले

सिवनी नवभारत। डी पी सी लॉ कॉलेज तथा एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय ड्रीमलैंड सिटी कटंगी रोड सिवनी के ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मैचों का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-वंदन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि श्री हर्ष चतुर्वेदी (संचालक, श्री राम आदर्श विद्यालय सिवनी), डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी (संचालक, डी पी सी लॉ कॉलेज एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी), श्री अजय चतुर्वेदी (प्रबंधक, डी पी सीङ्कएस एस सी एजुकेशन ग्रुप) एवं विधि विभागाध्यक्ष श्री अखिलेश यादव (एडवोकेट) ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ कराया। पहले मैच में एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों

ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डी पी सी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवर में 134 रन बनाकर 8 विकेट से विजय हासिल की। दूसरा मैच एस एस सी स्टाफ एवं श्री राम आदर्श विद्यालय कटंगी रोड सिवनी के विद्यार्थियों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर श्री राम आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने एस एस सी स्टाफ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एस एस सी स्टाफ की टीम ने 10 ओवर में 78 रन पर 7 विकेट खोए और 79 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में श्री राम आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 6 ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर 7 विकेट से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट के दौरान श्रीमती निधि चतुर्वेदी मैडम, सुनील रजक सर, गौरव सिसोदिया सर, शिवदत्त पांडे सर, श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा मैडम, श्रीमती वैशाली ठाकुर मैडम, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार संजय जैन (संजू), सतेंद्र हिरनखेड़े सर, बसंत यादव सर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति के प्रमुख आधार रामेश्वर पांडे सर, अनिकेत अहिरवार सर, गौरव सिसोदिया सर एवं क्षितिज ठाकुर रहे। प्रथम मैच में अंपायर की भूमिका श्री अक्षय डोंगरे सर एवं श्री कुलदीप परमार ने निभाई, जबकि दूसरे मैच में श्री अरुण वंशकार एवं श्री जिशान मंसूरी ने अंपायरिंग की। स्कोरर के दायित्व का निर्वहन श्री क्षितिज ठाकुर एवं प्रतीक कुशवाहा द्वारा किया गया। आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 09 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से श्री राम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी एवं श्री राम आदर्श विद्यालय कटंगी रोड सिवनी के बीच प्रथम मैच खेला जाएगा।

दूसरा मैच डी पी सी लॉ कॉलेज एवं डी पी सी आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस एवं एजुकेशन कॉलेज सिवनी के बीच आयोजित होगा।

कलेक्टर ने खमरिया में कस्टम हायरिंग सेंटर का किया निरीक्षण

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले ने बरघाट विकासखण्ड के ग्राम खमरिया में हितग्राही हिमांशु बिसेन द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सेंटर में उपलब्ध उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी ली तथा इन यंत्रों के माध्यम से स्थानीय किसानों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने श्री बिसेन से क्षेत्र के किसानों की मांग, विभिन्न कृषि यंत्रों के उपयोग, किराया व्यवस्था एवं इससे होने वाली आय की जानकारी प्राप्त की और ऐसे नवाचारों को किसानों के लिए उपयोगी बताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर छोटे एवं मध्यम किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों की सुलभता सुनिश्चित कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं शपथकर्ता **पवन सिंह अमरोदिया** पिता हरकरन सिंह अमरोदिया आयु 50 वर्ष जाति किरार निवासी कस्तुरवा वार्ड सिवनी थाना सिवनी, तहसील व जिला सिवनी म0प्र0 का स्थायी निवासी हूँ । यह कि मेरे पुत्र कृष्णकांत अमरोदिया पिता पवन सिंह अमरोदिया के शैक्षणिक दस्तावेज (कक्षा 10 वीं) की अंक सूची में त्रुटिवश कृष्णकांत अमरोदिया पिता पवन अमरोदिया दर्ज है जिसके स्थान पर कृष्णकांत अमरोदिया पिता पवन सिंह अमरोदिया नाम किया जावे और भविष्य में आज दिनांक से कृष्णकांत अमरोदिया पिता पवन सिंह अमरोदिया पढ़ा लिखा एवं समझा जावे। अगर किसी आमजन को कोई आपत्ति हो तो उचित वैधानिक कार्यवाही कर सकता है। अतः इस हेतु यह शपथपत्र एवं सूचना प्रकाशित कर रहा हूं।

स्थान- सिवनी (म.प्र.)
दिनांक- 08/01/2026
पवन सिंह अमरोदिया (शपथकर्ता)

NAME OF CHANGE

I, **Priyanka** (Existing Name of Spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY No. 14655103M Rank HAV Trade ATOELE BV Name: Prasant presently residing at Vill. Rani Durgawati Ward Shubham Nagar Seoni Po. Seoni Teh. & Seoni (M.P.) 480661 (Address) do hereby solemnly affirm and state on oath as follows (a) That I have changed my name from Priyanka (Name of Spouse as per NOK,in Record) to Priyanka Barman (Proposed New name of spouse), due to (reason for change). That my Date of birth is 28.08.1991 (Twenty Eight August Ninteen Ninty One) (in words)

dated 30/12/2025
Place -Seoni (MP)

New Name
Priyanka Barman